Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

अभ्यास पत्र – 1

विषय : हिंदी **कक्षा - 11** **अप्रैल,2025**

अंतरा - भाग (1)

ईदगाह

प्रश्न 1 बच्चे जो खिलौने खरीदकर लाए थे , उनका अंत कैसे हुआ?

प्रश्न 2 'हामिद खिलौनों की निंदा करता है–मिट्टी ही के तो हैं, गिरें तो चकनाचूर हो जाएँ: लेकिन ललचाई हुई आँखों से खिलौनों को देख रहा है।'

उपरोक्त पंक्ति की सप्रसंग व्याख्या लिखिए।

अपठित बोध

प्रश्न 1 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

आज मानव पृथ्वी के एक छोर से दूसरे छोर तक सरलता से पहुँच सकता है। एक स्थान से दूसरे स्थान तक की दूरी कुछ घंटों की रह गई है। हवाई जहाज, बस, ट्रेन आदि ने आज जीवन को काफी सरल बना दिया है। चन्द्रलोक तक की यात्रा कर चुका मानव आज अन्य ग्रहों पर पहुँचने के लिए कोशिश कर रहा है। कभी जिन रोगों की भयावहता से मानव पीड़ित था, जिनके इलाज की कल्पना तक कर पाना सम्भव नहीं था; आज विज्ञान की खोजों के सहारे मानव ने उन पर विजय पा ली है। आज हम अपना प्रत्येक कार्य तकनीक का सहारा लेकर सहज रूप से कर सकते हैं।

क) आज मानव सरलता से कहाँ पहुँच सकता है?

1) पृथ्वी के पहले छोर तक 2) पृथ्वी के दूसरे छोर तक

3) हवाई जहाज तक 4) बस तक

ख) जीवन को किन साधनों ने सरल बना दिया है?

ग) कहाँ से कहाँ तक की दूरी कुछ घंटों की रह गई है?

घ) मानव कभी किनसे पीड़ित था?

प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

एक फ़ाइल ने दूसरी फ़ाइल से कहा
बहन लगता है
साहब हमें छोड़कर जा रहे हैं
इसलिए तो सारा काम जल्दी-जल्दी निपटा रहे हैं
मैं बार-बार सामने जाती हूँ , रोती हूँ, गिड़गिड़ाती हूँ,
करती हूँ विनती हर बार साहब जी! इधर भी देख लो एक बार!
पर साहब हैं कि कभी मुझे नीचे पटक देते हैं,
कभी पीछे सरका देते हैं और कभी-कभी तो फ़ाइलों के ढेर तले दबा देते हैं।
अधिकारी बार-बार अंदर झाँक जाता है
डरते-डरते पूछ जाता है
साहब कहाँ गए ....? हस्ताक्षर हो गए .....?
दूसरी फ़ाइल ने उसे प्यार से समझाया
जीवन का नया फ़लसफ़ा सिखाया
बहन! हम यूँ ही रोते हैं, बेकार गिड़गिड़ाते हैं
लोग आते हैं, जाते हैं हस्ताक्षर कहाँ रुकते हैं
हो ही जाते हैं। पर
कुछ बातें ऐसी होती हैं जो दिखाई नहीं देतीं और
कुछ आवाजें सुनाई नहीं देतीं।
जैसे फूल खिलते हैं
और अपनी महक छोड़ जाते हैं
वैसे ही कुछ लोग कागज पर नहीं
दिलों पर हस्ताक्षर छोड़ जाते हैं।

क) पहली फ़ाइल के मन में शंका उठने का क्या कारण है तथा वह साहब से क्या विनती करती है ?

ख) फ़ाइल के निवेदन पर साहब की क्या प्रतिक्रिया हुई ?

ग) काव्यांश में किस पर व्यंग्य किया गया है ?

घ) कुछ लोग दिलों पर हस्ताक्षर कैसे छोड़ जाते हैं ?

रचनात्मक कार्य

प्रश्न 1 'बस दुर्घटना' विषय पर दृश्य लेखन कीजिए।